उत्तर प्रदेश शासन,
नागरिक उड्डयन विभाग
संख्या: 118/2018/2069/छप्पन -2018-62/2011
लखनऊ, दिनांक: 29 नवम्बर, 2018

कार्यालय- ज्ञाप

नागरिक उड्डयन विभाग उत्तर प्रदेश के अधीन एयरोनाटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0, लखनऊ में कार्यालय-ज्ञाप संख्या -1426/छप्पन-2011-26/08 टी0सी0, दिनांक 11 नवम्बर, 2011 के द्वारा श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह को प्रवक्ता (एयरो) के पद पर नियत मासिक पारिश्रमिक रू0 31,000/- (रूपये इकतीस हजार मात्र) पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 01 वर्ष की अवधि के लिए संविदा पर नियुक्त किया गया था। इस परिप्रेक्ष्य में श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह द्वारा दिनांक 30 नवम्बर, 2011 को कार्यभार ग्रहण किया था। तदुपरान्त वर्षानुवर्ष इनकी संविदा अवधि बढायी जाती रही है। अंतिम बार कार्यालय-ज्ञाप संख्या: 1543/छप्पन-2017-62/2011, दिनांक: 23 नवम्बर, 2017 द्वारा श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह की संविदा अवधि नियत मासिक पारिश्रमिक रू0 58,066/- (रूपए अट्ठावन हजार छियासठ मात्र) पर दिनांक 30 नवम्बर, 2017 से अग्रेत्तर 01 वर्ष (अर्थात 29 नवम्बर, 2018 तक) के लिए बढायी गयी थी जो दिनांक 29 नवम्बर, 2018 को समाप्त हो रही है।

2- अत: शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल प्रवक्ता (एयरो) के पद पर श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह की संविदा अवधि दिनांक 30 नवम्बर, 2018 से अग्रेतर 01 वर्ष (अर्थात 29 नवम्बर, 2019 तक) के लिए वर्तमान में अनुमन्य नियत मासिक पारिश्रमिक रू0 60,969 /- (रूपए साठ हजार नौ सौ उनहत्तर मात्र) पर बढाए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह की संविदा सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत जारी रहेंगी ।

4- श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह से संविदा पर नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर पुन: अनुबन्ध-पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

सूर्य पाल गंगवार
विशेष सचिव।

श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह,(संविदा)
प्रवक्ता (एयरो),
एयरोनाटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट,
नागरिक उड्डयन निदेशालय,
उ0प्र0 लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।

2/--

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

संख्या: 118/2018/2069(1)/छप्पन -18, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निदेशक, एयरोनाटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह से निर्धारित प्रपत्र पर पुन: अनुबन्ध पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

2- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0 इलाहाबाद ।

3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन लखनऊ।

4- वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट लखनऊ ।

5- वित्त (व्यय- नियंत्रण) अनुभाग-7

6- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग 1/2

7- कार्मिक अनुभाग-1

8- गार्ड फाईल।

आज्ञा से ,
डा0 सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव ।

htt //shasanadesh.u .ic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।